कोटद्वार, शनिवार
7 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 132 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

देहरादून में नामी खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

देहरादून। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को दून में नामी खाद्य पदार्थों के आउटलेट और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। टीम ने एक नामी शैक्षणिक संस्था के मैस में भी खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की और खाद्य सैंपल भी लिए। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने मसूरी रोड स्थित एक नामी शिक्षण संस्थान के किचन में छापेमारी की। यहां की छात्राओं ने खाद्य पदार्थों की शिकायत की। खाद्य संरक्षा उपायुक्त गढवाल मंडल आरएस रावत ने किचन की सफाई एवं खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता के लिए दिशा निर्देश जारी किये। इसके अलावा सभी किचन कर्मचारियों को फॉस्टेग प्रशिक्षण करने के निर्देश दिये। शिकायत एवं मिलावट के संदेह के आधार यहां से सैंपल लिए गए। टीम ने हरिद्वार रोड स्थित एक मॉल के फूड कोर्ट में स्थित नामी प्रतिष्ठानों में भी छापेमारी की। जांच टीम में उपायुक्त खाद्य संरक्षा गढ़वाल आरएस रावत, देहरादून के अभिहित अधिकारी मनीष सयाना के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर निगम क्षेत्र रमेश सिंह और वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय तिवारी के साथ ही एसआई जगदीश रतूड़ी भी शामिल थे।

कालसी–चकराता मोटर मार्ग पर मलबा आने से 2घंटे यातायात रहा बाधित

विकासनगर। जौनसार बावर की लाइफ लाइन माने जाने वाले कालसी–चकराता मोटर मार्ग पर शुक्रवार दोपहर बाद मलबा आ गया। इससे मार्ग पर दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। क्षेत्र में मनाए जा रहे जागड़ा पर्व के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को भी इंतजार करना पड़ा। मार्ग से मलबा हटाए जाने के बाद यातायात बहाल हुआ। जिसके बाद श्रद्धालुओं समेत अन्य यात्री अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। इसके अलावा क्षेत्र के 25 मार्गों पर यातायात ठप रहा। शुक्रवार को चकराता लोक निर्माण विभाग के तहत आने वाले पुरोड़ी रावना डामटा मोटर मार्ग, त्यूणी पुरोला नौगांव मोटर मार्ग, रडू मुंधोल मोटर मार्ग, मागटी पोखरी मोटर मार्ग, पुरोड़ी हयो टगरी और निनुस मोटर मार्ग पर यातायत ठप रहा। लोक निर्माण विभाग सहिया के ठलीन बड़ेथ पिनगिरी मोटर मार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कालसी के खारसी खाटवा मोटर मार्ग, कथियान हजाड भूड मोटर मार्ग, रावना पुरोड़ी मोटर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रही।

तीन मंजिला घर की छत से गिरकर मासूम की मौत

हल्द्वानी। वनभूलपुरा क्षेत्र के नई बस्ती निवासी मोहम्मद आसिफ की चार वर्षीय बेटी मरियम की शुक्रवार सुबह तीन मंजिला मकान की छत से गिरकर मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मरियम अपनी बड़ी बहन के साथ छत पर खेल रही थी। दोपहर में ही परिजनों ने बच्ची को सुपुर्द ए खाक कर दिया। वहीं मासूम की मौत के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मरियम के मामा मोहम्मद रईस ने बताया कि मरियम तीन भाई–बहनों में सबसे छोटी थी। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे मरियम बड़ी बहन अलीशा के साथ मकान की छत पर खेल रही थी। खेलते–खेलते अचानक तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। खून से लथपथ बेटी को आंखों के सामने जमीन पर गिरा देख मां नासरा बेसुध हो गई। वहीं परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने शुक्रवार दोपहर ही उसके शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

छह साल की बच्ची के साथ पड़ोसी युवक ने किया दुष्कर्म

हरिद्वार। थाना क्षेत्र के एक गांव में छह वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एक व्यक्ति ने पथरी थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार शाम को उसकी छह साल की बेटी आंगन में खेल रही थी। आरोप लगाया कि तभी पड़ोस में रहने वाला युवक उसे बहला फुसलाकर अपने कमरे में ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोप है कि जब बच्ची काफी देर तक दिखाई नहीं दी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता : राजनाथ सिंह

लखनऊ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश और दुनिया में शांति कायम रखने के लिए ही उन्होंने सेना से युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। राजनाथ सिंह ने गुरुवार को प्रथम संयुक्त कमांडर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा था कि सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

इस संबंध में उन्होंने आज स्पष्ट किया, भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसने वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है। भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है। लेकिन आज की भू–राजनीतिक स्थिति को देखते हुए मैंने सेना से कहा कि भारत और दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए हमें हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसा कहने के पीछे मकसद यह है कि हमारी शांति न भंग होने पाए।

रक्षा मंत्री ने संयुक्त कमांडर सम्मेलन में कल कहा था कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है और शांति बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने संयुक्त सेना का विजन विकसित करने और भविष्य के युद्धों में देश के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी करने के महत्व पर जोर दिया, साथ ही उकसावे की घटनाओं पर समन्वित, त्वरित और उचित कार्रवाई करने पर जोर दिया। रूस–यूक्रेन एवं इजरायल–हमास संघर्षों और बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए, रक्षा मंत्री ने कमांडरों से इन घटनाओं का विश्लेषण करने, भविष्य में देश के सामने आने वाली समस्याओं का अनुमान लगाने और अप्रत्याशित से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तरी सीमा पर स्थिति और पड़ोसी देशों में होने वाली घटनाओं के मद्देनजर शीर्ष सैन्य नेतृत्व द्वारा व्यापक और गहन विश्लेषण की आवश्यकता पर जोर दिया, जो क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग को मिले 197 सीएचओ

देहरादून। स्वास्थ्य विभाग को 197 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मिल गए हैं। एचएनबी उत्तराखंड मेडिकल यूनिवर्सिटी ने दूसरे चरण की काउंसलिंग के बाद चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। इन सभी चयनित सीएचओ की आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तैनाती दी जाएगी। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) में शत प्रतिशत सीएचओ की तैनाती का लक्ष्य रखा गया है। चयनित अभ्यर्थियों में से अल्मोड़ा में 16, बागेश्वर 17, चमोली 16, चम्पवात पांच, देहरादून 40, हरिद्वार 22, नैनीताल 14, पौड़ी 31, पिथौरागढ़ 12, रूद्रप्रयाग दो, टिहरी एक, यूएसनगर 15 और उत्तरकाशी के लिए छह अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। पिछले साल 1683 पदों के सापेक्ष 1515 सीएचओ की तैनाती की गई थी। कुछ अभ्यर्थियों का चयन नर्सिंग अधिकारी के पद पर होने से सीएचओ के पद रिक्त हो गये थे। इन्हें दूसरी काउंसलिंग से भरा गया। विभाग को 197 सीएचओ मिलने से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी।

श्री केदारनाथ धाम यात्रा ने पकड़ी रफ्तार

● मानसून सीजन के बाद दोबारा शुरू हुई केदारनाथ यात्रा

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : केदार घाटी में बारिश कम होने बाद श्री केदारनाथ धाम यात्रा पटरी पर लौटने लगी है। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। केदार बाबा के दर्शन कर अभिभूत हो रहे श्रद्धालु यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्ट नजर आ रहे हैं और अपने सुखद अनुभव साझा कर रहे हैं। गुहाटी से बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि पैदल रास्ता अब दुरुस्त हो गया है एवं लगातार यात्रा चल रही है। पैदल मार्ग पर पानी, बिजली, खाना, शौचालय सहित अन्य सभी प्राथमिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। दर्शन भी बहुत अच्छे हो रहे हैं। राजकोट गुजरात से पहुंचे प्रफुल्ल ने बताया कि पैदल यात्रा मार्ग यात्रा के लिए सुरक्षित एवं सुचारू है। यात्रा मार्ग पर सभी सुविधाएं भी हैं एवं प्रशासन और पुलिस द्वारा पूरी मदद भी की जा रही है। उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला ने बताया कि बीती 31 जुलाई को अतिवृष्टि के कारण कुछ दिनों तक जरूर पैदल यात्रा प्रभावित रही। लेकिन पिछले दो हफ्तों से पैदल यात्रा लगातार बढ़ रही है। देश दुनिया से श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन को पहुंच रहे हैं। यात्रा को सुखद एवं सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाश आउट हुई सड़क भी तीन से चार दिन के भीतर छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खुल जाएगा। उधर, इंस्पेक्टर सोनप्रयाग देवेन्द्र असवाल ने बताया कि पिछले 10 दिनों में औसतन तीन हजार श्रद्धालु पैदल यात्रा मार्ग से केदारनाथ के लिए जा रहे हैं। बारिश कम होने के साथ ही लगातार यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर राजेंद्र पाल गौतम कांग्रेस में हुए शामिल

नई दिल्ली , दिल्ली सरकार में मंत्री रह चुके राजेंद्र पाल गौतम ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। राजेंद्र पाल गौतम का कहना है कि वे राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं।कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान केसी वेणुगोपाल ने कहा कि गौतम का कांग्रेस में शामिल होना गर्व की बात है। बता दें कि एक ओर हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कांग्रेस में शामिल हो गए। इसके साथ ही रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। हरियाणा से आने वाले ये दोनों रेसलर आज कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। वहीं कांग्रेस में शामिल हो चुके राजेंद्र पाल गौतम की बात करें तो वह अक्टूबर 2022 में हिंदू देवी–देवताओं पर दिए अपने एक बयान को लेकर विवादों में आ गए थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा भी देना पड़ा था। हालांकि, मंत्री पद से इस्तीफा देने के बावजूद वह आम आदमी पार्टी में ही रहे। राजेंद्र पाल गौतम के कांग्रेस में शामिल में होने पर वेणुगोपाल ने कहा कि गौतम अंबेडकरवादी विचारों पर चलने वाले व्यक्ति हैं। गौतम जिस विचारधारा पर चलते रहे हैं कांग्रेस उस विचारधारा पर काम करने वाली पार्टी है।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि दिल्ली में सफाई के दौरान कर्मचारी सीवर के अंदर मर जाए करते थे। लेकिन हमने पहली बार सीवर में कर्मचारियों के उतरने को प्रतिबंध किया और इसके लिए 200 मशीनें लाए। इसके जरिए हमने यह बताने की कोशिश की कि जो इंसान के मल में उतरते हैं वह भी इंसान ही हैं। उनकी जान की कीमत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में जाति और धर्म के नाम पर उन्माद होता है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के तहत नारा दिया था कि वह नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं, उनके इस नारे ने दिल को छू लिया। गौतम ने कहा कि राहुल गांधी ने यह भी कहा कि संविधान की रक्षा करनी है। देश में सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाते हुए सभी वर्गों को उनकी जनसंख्या के हिसाब से हिस्सेदारी भागीदारी मिलनी चाहिए। राहुल गांधी की इन बातों ने उन्हें प्रभावित किया है। इस मौके पर दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी याद किया। गौतम ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुझे दो बार विधायक व मंत्री बनाया, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। गौतम ने कहा, लेकिन मेरी लड़ाई कहीं और है। सामाजिक न्याय के मुद्दे पर, जाति जनगणना के मुद्दे पर, हिस्सेदारी भागीदारी के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी चुप्पी साथ लेती है।

दो कारों और आटो के बीच भीषण भिड़ंत, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

बाराबंकी ,उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के बड्डूपुर क्षेत्र में दो कार और एक ई–रिक्शा के बीच हुई भिड़ंत में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बड्डूपुर क्षेत्र के इन्होतापुर गांव के पास महमूदाबाद से आ रहे ई रिक्शा की कार से टक्कर हो गई, जिसके बाद बेकाबू कार सडक़ के किनारे खाई में जा गिरी। इस बीच एक अन्य कार भी ई रिक्शा से टकरा गई, जिससे रिक्शा पर सवार लोग सडक़ पर गिर गए। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने सडक़ पर गिरे लोगों को रौंद दिया।

उन्होने बताया कि इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान इरफान अनवर अली, अजीज अहमद, ताहिरा बानो, साबिया बानो और वहीदुल निशा के रूप में हुई है। घायलों में सायरा बानो, अक्सा और विवेक शामिल हैं।

कोलकाता कांड : सुप्रीम कोर्ट से संदीप घोष को झटका

● हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से किया इन्कार; जारी रहेगी सीबीआई जांच

नई दिल्ली ,आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पातल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने संदीप घोष के कार्यकाल में वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच के हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से किया इनकार कर दिया है। यहीं नहीं सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जांच करने की मंजूरी भी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

बता दें हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ संदीप घोष ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने सवीच्च अदालत में एक याचिका दायर करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। 24 अगस्त को कोलकाता हाई कोर्ट ने वित्तीय अनियमितताओं की एसआईटी से लेकर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। संदीप घोष के खिलाफ आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक डॉ. अख्तर अली ने संस्थान में कई मामलों में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें अस्पताल में शवों की तस्करी, बायो–मेडिकल कचरे में भ्रष्टाचार, निर्माण निविदाओं में भाई–भतीजावाद आदि जैसे आरोप लगाए गए थे।

जम्मू–कश्मीर चुनाव

5 लाख रोजगार, महिलाओं को 18 हजार रुपए बीजेपी के संकल्प पत्र में ये बड़ी घोषणाएं

श्रीनगर , जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी अपनी रणनीति को मजबूत कर लिया है। शुक्रवार को भाजपा ने जम्मू–कश्मीर में अपने चुनाव अभियान की शुरुआत के साथ–साथ अपना घोषणापत्र भी जारी किया। घोषणापत्र में कई प्रमुख घोषणाएं की गई हैं, जो इस प्रकार हैं–

माँ सम्मान योजना : साल में दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे।

शिक्षा सहायता : स्कूली छात्रों को 10 हजार रुपए की कोचिंग फीस की सहायता दी जाएगी।

कॉलेज छात्र सहायता : कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को हर साल 3 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

महिलाओं की आर्थिक सहायता : घर की एक महिला को हर साल 18 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

टूरिज्म विकास : जम्मू–कश्मीर को टूरिज्म स्पॉट बनाने के लिए राजौरी को विशेष टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

आयुष हर्बल पार्क : किश्तवाड़ में एक आयुष हर्बल पार्क बनाने की योजना है।

तवी रिवर फ्रंट : जम्मू में तवी रिवर फ्रंट के निर्माण का प्लान तैयार किया गया है।

धारा–370 पर अमित शाह का बड़ा बयान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणापत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया कि धारा–370 अब इतिहास बन चुकी है और इसे कभी वापस नहीं लाया जाएगा। उन्होंने कहा, धारा–370 ही वह कड़ी थी, जो कश्मीर में युवाओं को हथियार और पत्थर पकड़ा रही थी।

आतंकवाद पर अमित शाह की टिप्पणी

अमित शाह ने आतंकवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा, 2014 तक जम्मू–कश्मीर पर आतंकवाद और अलगाववाद की छाया रही। विभिन्न राज्य और गैर–राज्य कर्ता इस क्षेत्र को अस्थिर करते रहे। सभी सरकारों ने जम्मू–कश्मीर के साथ तुष्टिकरण की राजनीति की। लेकिन 2014 के बाद के दस साल जम्मू–कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल के रूप में चिह्नित होंगे।

उमर अब्दुल्ला के लिए गांदरबल सीट आसान नहीं

गंदेरबल ,जम्मू एवं कश्मीर की गांदरबल विधानसभा सीट पर मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला के लिए आसान नहीं होगा। इस सीट के लिए कुल 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। जिनमें से चार उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला को कांटे की टक्कर देंगे। मौलवी सरजन बरकती ने भी इस विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बता दें कि सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती उर्फ आजादी चाचा 2016 में तब सुर्खियों में आया था, जब 8 जुलाई 2016 को अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में सुरक्षा बलों ने हिजबुल के पोस्टर बॉय बुरहान वानी को मार गिराया था। उस दौरान बरकती के भडक़ाऊ भाषणों ने युवाओं को आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए उकसाया था। बरकती इस समय जेल में बंद है। उसे पहली बार 2016 में गिरफ्तार किया गया था और रिहा होने के बाद पिछले साल उसे फिर से गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया।

जल्द ही रिलीज डेट का होगा ऐलान, इमरजेंसी को लेकर कंगना ने दिया अपडेट

मुंबई , अभिनेत्री कंगना रनौत ने बहुचर्चित फिल्म इमरजेंसी को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी फिल्म की रिलीज डेट अभी स्थगित कर दी गई है। जल्द ही रिलीज की नई डेट घोषित कर दी जाएगी।उन्होंने इस संबंध में अपने एक्स अकाउंट में पोस्ट भी किया है। इसमें उन्होंने कहा, भारी मन से मैं घोषणा करती हूं कि ह्यआपातकालह्न को स्थगित कर दिया गया है। हम अभी भी सेंसर बोर्ड के सर्टिफिकेट का इंतजार कर रहे हैं। नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, आपकी समझ और धैर्य के लिए धन्यवाद। बता दें कि कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी आगामी 6 सितंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन सेंसर बोर्ड से अभी तक फिल्म को प्रमाणपत्र नहीं मिला है। इसके बाद फिल्म मेकर्स ने हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने सेंसर बोर्ड को 18 सितंबर को इस पर फैसला लेने का आदेश दिया है। अब हाईकोर्ट में इसे लेकर 19 सितंबर को सुनवाई होगी। कोर्ट के फैसले से स्पष्ट है कि अगले दो हफ्ते तक कंगना की फिल्म थिएटर पर रिलीज नहीं होगी। जब सेंसर बोर्ड की ओर से फिल्म को प्रमाणपत्र मिल जाएगा, तब हाईकोर्ट इस पर 19 सितंबर को सुनवाई करेगा। इससे पहले, कंगना ने अपनी फिल्म स्थगित किए जाने पर एक्स पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट भी किया था।

इसमें उन्होंने कहा था, आज मैं सभी की फेवरेट टारगेट बन गई. इस सोते हुए देश को जगाने का यही दाम आपको चुकाना पड़ता है. इन लोगों को नहीं पता कि मैं क्या बात कर रही हूं। इन्हें समझ नहीं कि मैं किस बात से चिंतित हूं, क्योंकि ये लोग शांति चाहते हैं। किसी का पक्ष लेना नहीं चाहते। वो लोग कूल हैं, वो लोग चिल हैं। हाहा काश सीमा पर खड़े उस बेचारे जवान के पास भी कूल होने की विशेषाधिकार होता। काश उसे साइड न लेनी पड़ती और पाकिस्तान और चीन को अपना दुश्मन न समझना पड़ता। वो आपकी रक्षा कर रहा है जबकि आप आतंकवादियों या राष्ट्र–विरोधियों पर लालसा रख सकते हैं।

बिना चिंता के कराएं इलाज, पैसा देगी सरकार : सीएम योगी

गोरखपुर ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। उपचार में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी।सीएम ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की जरूरत है, उनके एस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए।

हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान सीएम योगी ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक–एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए।

सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की जरूरत नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका तुरंत, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े।

हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी।

पूर्व डीएमके नेता पर ईडी की बड़ी कार्रवाई : बंगला, होटल और कारों समेत 55 करोड़ की संपत्ति की कुर्क

नई दिल्ली ,पूर्व डीएमके नेता पर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने उनका बंगला, होटल और महंगी कारों सहित 55 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने यह एक्शन डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और उनके सहयोगियों से संबंधित संपत्ति पर लिया है। पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 14 अचल संपतियां जब्त की गई हैं। जेएसएम रेजीडेंसी होटल के अलावा एक आलीशान बंगला, जगुआर और मर्सिडीज जैसी 7 महंगी गाडियां भी जब्त की गई हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक संपत्तियों को आपराधिक गतिविधियों के जरिए हासिल किया गया था। ईडी ने सादिक और उसके सहयोगियों की 55 .30 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह एक्शन एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोह के स्यूडोएफेड्राइन और केटामाइन की तस्करी की जांच के बाद लिया गया है, जिसका सरगना जाफर सादिक बताया जा रहा है। एनसीबी और कस्टम विभाग की जांच के आधार पर ईडी ने तमिलनाडु में 15 ठिकानों पर तलाशी ली है।

चीन और पाक की हर चाल के खिलाफ भारत का फुलप्रूफ प्लान

इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड से सब पर रहेगी नजर

नई दिल्ली , सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना के लिए बेहतर तालमेल के लिए मोदी सरकार इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सैन्य नेतृत्व चीन, पाकिस्तान और हिंद महासागर पर फोकस करते हुए नए थिएटर कमांड्स को अंतिम रूप दे रहा है। सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने चीन, पाकिस्तान और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए अलग–अलग कमांड और कंट्रोल सिस्टम के साथ एक खाका तैयार किया है। इसे रक्षा मंत्री और अन्य अधिकारियों को दिखाया जा चुका है। अब सरकार को इस पर अंतिम फैसला लेना है। इस थिएटर कमांड के तहत किसी भी सीमा पर जमीन से लेकर आसमान तक सारे फैसले एक ही कमांडर लेंगे, यानी थल, वायु और नौसेना के लिए एक ही कमांडर होगा। अभी तक की योजना के अनुसार चीन से जुड़े मामलों के लिए एक उत्तरी थिएटर कमांड लखनऊमें स्थापित होगा। वहीं, पाकिस्तान से जुड़े मामलों के लिए पश्चिमी कमांड जयपुर में होगा। इसी प्रकार, समुद्री इलाकों के लिए कमांड थिरुवनंतपुरम में स्थापित होगा। यह आजादी के बाद देश के सैन्य ढांचे में सबसे बड़ा बदलाव है। दरअसल, एकीकृत थिएटर कमान भारतीय सशस्त्र सेनाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) में बेहतर समन्वय की योजना है, जिस पर सरकार रक्षा सुधारों के अंतर्गत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति के बाद से काम कर रही है।

संपादकीय

अपराधी औलाद, हताश अभिभावक

कम उम्र में अपराध का रास्ता पकड़ना उस काले भविष्य का संकेत है जिसमें सिवाय विनाश के और कुछ हाथ लगने वाला नहीं है। युवाओं में नशे की बढ़ती लत और खर्ची की भरपाई के लिए मेहनत के बजाय अपराध का रास्ता चुना जा रहा है। उत्तराखंड की धर्म नगरी हरिद्वार में एक ऐसा प्रकरण सामने आया जिसने न केवल बच्चों की परवरिश में माता–पिता की अनदेखी सामने लाकर रखी तो वहीं नशे की लत से एक अच्छा खासा भविष्य बर्बाद होते हुए देखा। हरिद्वार में कुछ दिन पूर्व ही एक महिला से सोने की चेन लूट ली गई थी। पुलिस किसी बड़े गिरोह का हाथ मानकर विवेचना कर रही थी लेकिन जब आरोपी सामने आए तो पुलिस के भी पैरों तले जमीन खिसक गई। पकड़े गए लुटेरे न केवल नाबालिक पाए गए बल्कि एक तो उनमें पुलिस कर्मी का ही सुपुत्र निकला। खुलासा सनसनीखेज था तो कुलासे ने सबको हतप्रभ कर दिया, सोचने पर विवश कर दिया कि आखिर समाज किस दिशा की ओर बढ़ रहा है और हम अपने बच्चों की परवरिश किस तरह से कर रहे हैं? एक पुलिसकर्मी के लिए इससे बड़ा दर्द भला और क्या होगा कि वह खुद समाज में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिन–रात मेहनत करता है लेकिन उसके अपने ही घर में अपराध की सेंध लग रही है। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि बच्चों की परवरिश को लेकर माता–पिता का कड़ा अनुशासन और नियंत्रण बेहद जरूरी है अन्यथा एक बार बच्चे गलत दिशा की ओर निकल गए तो फिर उन्हें थामना बेहद मुश्किल है। खास तौर से नशे की जरूरत है पूरी करने के लिए अपराध का रास्ता उस अंधे कुएं की ओर ले जाता है जहां से बाहर निकलना बेहद जटिल कार्य है। हरिद्वार पुलिस को भी ऐसी कल्पना नहीं रही होगी कि जिस लूट से पूरे विभाग की किरकिरी हुई उसमे अपने विभागीय कर्मचारी के घर से ही अपराध की जड़ निकलेगी। बहरहाल कम उम्र का फायदा आरोपी को जरूर मिला है लेकिन अगर अभी समय से सही राह नहीं दिखाई गई तो फिर आने वाला समय निरंतर अपराध के उस मार्ग की ओर निकलता चला जाएगा जहां से वापस लौटने के सभी दरवाजे बंद मिलेंगे। अभिभावकों को अपने बच्चों की हर हरकत और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए, अन्यथा जब परिस्थितियों हाथ से निकल जाएगी तो फिर हताशा और बदनामी के अलावा कुछ हाथ लगने वाला नहीं है।

मुस्लिम बीएलओ को हटाया जाना क्यों और क्या ?

अजय दीक्षित

खबर है कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम बी.एल.ओ. को ड्यूटी से हटाया जा रहा है । इलेक्शन कमिशन ने वोटरों की सुविधा के अनुसार हर मतदान केन्द्र पर ब्लॉक लेवल अफसरों की नियुक्ति की है । इनका काम वोटर लिस्ट को अपडेट करना, हर मतदाता को पर्ची बांटना और उस बूथ के वोटरों की अन्य प्रकार से सहायता करना है । इससे इलेक्शन कमीशन को विश्वास है कि मतदान प्रतिशत बढ़ेगा । दुनिया के कुछ ही देशों में मतदान अनिवार्य है । उन देशों में यदि मतदाता वोट डालने नहीं जाता तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई होती है । परन्तु बहुत से विकसित देशों में वोटर स्वतः ही वोट डालने जाते हैं । अधिकांश विकासशील व पिछड़े देशों में वोटरों का प्रतिशत 50त्नसे अधिक नहीं है जो वोट डालने जाते हैं । भारत में चुनाव आयोग व्यापक इंतजाम करता है । हर बूथ पर छाया, पीने का पानी, अशक्तों के लिए रैम्प आदि की सुविधा का प्रावधान है । परन्तु हकीकत यह है कि असल में ये सुविधाएं वास्तव में कितनी हैं, यह एक सर्वे से मालूम पड़ जायेगा ।

हमारे अधिकारियों को आदेश देने की आदत है । वे वास्तव में भ्रमण करके जमीनी हकीकत नहीं जानना चाहते । मोदीजी गुलाम मानसिकता को मिटाने की बात करते हैं । क्रांतिकारियों के साथ अंग्रेजों ने बहुत कठोर दुर्व्यवहार किया था । उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया था । परन्तु प्रशासन में वे जनता के हित में काम करते थे । भारत की भाषाओं का सर्वे अंग्रेज अधिकारी ने किया था । यहां की जनजातियों के रीति रिवाजों और प्रथाओं का अध्ययन भी अंग्रेज नकरशाही ने किया था । वे 10:00 बजे दफ्तर पहुंचते थे क्योंकि वे रात को जश्न मनाते थे तो देर से सो कर उठते थे । हम अभी भी 10:00 बजे दफ्तर खोलते हैं जबकि उत्तर पूर्व के राज्यों में सुबह 4:00 बजे सूर्य चमकने लगता है । अधिकांश भागों में 10:00 बजे तक तो आधा दिन बीत जाता है । अंग्रेज कलेक्टर सुबह 4:00 बजे घोड़े पर सवार होकर लोगों की समस्या को जानते थे । अब तो कलेक्टर यदि कोई मीटिंग बुलाता है, और कोई उसमें अनुपस्थित रहता है तो उसे तत्काल निलंबित कर दिया जाता है बिना कारण जाने । किसी के घर में कोई गम्भीर हादसा हो गया, कोई बीमार पड़ गया, कोई आपदा आ गई, इसकी जानकारी नहीं ली जाती है । हम बात बी.एल.ओ. की कर रहे थे । ज्यादातर इसमें सरकारी शिक्षकों को लगाया गया है । उन्हें शायद कुछ पारिश्रमिक मिलता है, परन्तु वे शायद ही कभी किसी वोटर को कहते होंगे कि किसे वोट दें । ज्यादातर बी.एल.ओ. महिलाएं हैं । उनके पति उनके स्थान पर काम करते हैं । हम विश्व गुरु बनना चाहते हैं और शिक्षक शिक्षिकाओं को वोटर के घर–घर जाने का काम सौंपते हैं । ज्यादातर बी.एल.ओ. इससे मुक्ति चाहते हैं ।

हमारे अधिकारियों को आदेश देने की आदत है । वे वास्तव में भ्रमण करके जमीनी हकीकत नहीं जानना चाहते । मोदीजी गुलाम मानसिकता को मिटाने की बात करते हैं । क्रांतिकारियों के साथ अंग्रेजों ने बहुत कठोर दुर्व्यवहार किया था । उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया था । परन्तु प्रशासन में वे जनता के हित में काम करते थे । भारत की भाषाओं का सर्वे अंग्रेज अधिकारी ने किया था । यहां की जनजातियों के रीति रिवाजों और प्रथाओं का अध्ययन भी अंग्रेज नकरशाही ने किया था । वे 10:00 बजे दफ्तर पहुंचते थे क्योंकि वे रात को जश्न मनाते थे तो देर से सो कर उठते थे । हम अभी भी 10:00 बजे दफ्तर खोलते हैं जबकि उत्तर पूर्व के राज्यों में सुबह 4:00 बजे सूर्य चमकने लगता है । अधिकांश भागों में 10:00 बजे तक तो आधा दिन बीत जाता है । अंग्रेज कलेक्टर सुबह 4:00 बजे घोड़े पर सवार होकर लोगों की समस्या को जानते थे । अब तो कलेक्टर यदि कोई मीटिंग बुलाता है, और कोई उसमें अनुपस्थित रहता है तो उसे तत्काल निलंबित कर दिया जाता है बिना कारण जाने । किसी के घर में कोई गम्भीर हादसा हो गया, कोई बीमार पड़ गया, कोई आपदा आ गई, इसकी जानकारी नहीं ली जाती है ।

असल में 4 जून के परिणाम के बाद भाजपा में हलचल है । उसका 370 का नारा और 400 पार का नारा सफल नहीं हुआ । अब केन्द्र में भाजपा की सरकार न होकर एन.डी.ए. की सरकार है । उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ । योगी जी के खिलाफ उसके ही दो उपमुख्यमंत्री रहे हैं । अब आर.एस.एस. के निर्देश पर जरूर ऊपरी तौर पर समझौता हो गया लगता है और केशव प्रसाद मौर्य कहते हैं कि योगी जी देश के सबसे कुशल मुख्यमंत्री हैं । चर्चा यह भी है कि शाह और योगी जी में 36 का आंकड़ा है ।

उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर विधायकी को लेकर उपचुनाव है । इसमें एक–एक सीट पर योगी जी ने 30–30 मंत्रियों को उतार दिया है । अब मुस्लिम बी.एल.ओ. को हटाकर शायद दिवा स्वप्न देखा जा रहा है कि सभी 10 सीटें बीजेपी जीत जायेगी । असल में उत्तरप्रदेश में इन 10 सीटों के लिए सपा और कांग्रेस में समझौता हो गया है जो बीजेपी के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है । सुकून की बात यह है कि विपक्ष के वोट मायावती की बहुजन समाज पार्टी काटेगी । इससे भाजपा को ज्यादा फायदा होगा । मुस्लिम बी.एल.ओ. तो खुश ही होंगे कि उन्हें इस कार्य से मुक्ति मिल गई ।

असल में कोई भी बी.एल.ओ. यह काम करना नहीं चाहता और इससे छुटकारा चाहता है । हमारे राजनेता महलों में रहकर दिन में सपने देखते हैं अच्छा हो उन्हें ज़मीनी हक़ीक़त मालूम हो ।

आकस्मिक और चमत्कारिक घटना

विनीत नारायण

एक ही महीने में दूसरी बार दुबई में बादल फटने से बाढ़ के हालात पैदा हो गए। रेगिस्तान की तपती रेत में पानी का मिलना सदियों से आकस्मिक और चमत्कारिक घटना माना जाता है। तपती रेत पर हवा गर्म हो कर कई बार पानी होने का भ्रम देती है, और प्यासा उसकी तलाश में भटकता रहता है।इसे ही मृगतृष्णा कहते हैं। गर्म रेत के अंधड़ों से बचने के लिए ही खाड़ी के देशों के लोग जलेबिया यानी सफेद लंबा चोगा पहनते हैं, और सिर पर कपड़े को गोल छल्लों से कस कर बांधते हैं, जिससे आंधी में वो उड़ न जाए। इन रेगिस्तानी देशों में ऊंट की लोकप्रियता का कारण भी यही है कि वो कई दिन तक प्यासा रह लेता है, रेत पर तेजी से दौड़ लेता है। इसीलिए उसे रेगिस्तान का जहाज भी कहते हैं।जब से खाड़ी देशों में पेट्रो–डॉलर आना शुरू हुआ है, तब से तो इनकी रंगत ही बदल गई।

दुनिया के सारे ऐशोआराम और चमक–दमक इनके शहरों में छा गई। अकूत दौलत के दम पर इन्होंने दुबई के रेगिस्तान को हरे–भरे शहर में बदल दिया जहां घर–घर स्विमिंग पूल और फव्वारे देख कर कोई सोच भी नहीं सकता कि ये सब रेगिस्तान में हो रहा है। पर जैसे ही आप दुबई शहर से बाहर निकलते हैं, आपको चारों ओर रेत के बड़े–बड़े टीले ही नजर आते हैं। न हरियाली और न पानी। इन हालात में स्वाभाविक ही था कि दुबई का विकास इस तरह किया गया कि उसमें बरसाती पानी को सहेजने की कोई भी व्यवस्था नहीं है। इसलिए जब 75 साल बाद वहां बादल फटा तो बाढ़ के हालात पैदा हो गए। कारें और घर डूब गए। हवाईअड्डे में इतना पानी भर गया कि दर्जनों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। एक तरफ इस चुनौती से दुबईवासियों को जूझना था और दूसरी तरफ वे इतना सारा पानी और इतनी भारी बरसात देख कर हर्ष में भी डूब गए।पर ऐसा हुआ कैसे? क्या यह वैश्विक पर्यावरण में आए बदलाव का परिणाम था या कोई मानव–निर्मित घटना? खाड़ी देशों में आई इस बाढ़ की वजह कुछ विशेषज्ञों ने ह्यक्लाउड सीडिंगह्न यानी कृत्रिम बारिश बताई है। जब एक निश्चित क्षेत्र में अचानक अपेक्षा से कई गुना ज्यादा बारिश हो जाती है, तो उसे हम बादल फटना कहते हैं। कुछ वर्ष पहले इसी तरह की घटना भारत में केदारनाथ, मुंबई और चेन्नई में भी हुई थी। तब से आम लोगों में यह जानने की जिज्ञासा रही है कि ऐसा कैसे और क्यों हुआ?दरअसल, आधुनिक वैज्ञानिकों ने इतनी तरक्की कर ली है कि वे बादलों में बारिश का बीजारोपण करके कहीं भी और कभी बारिश करवा सकते हैं। करते यह हैं कि जहां पर ज्यादा भांप से भरे बादल इक्का होते हैं, उसमें ह्यक्लाउड सीडिंगह्न कर देते हैं। हालांकि, हाल में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार अमेरिकी मौसम वैज्ञानिक रयान माउ इस बात को मानने से इनकार करते हैं कि दुबई में बाढ़ की वजह ह्यक्लाउड सीडिंगह्न है। उनके मुताबिक खाड़ी देशों पर बादल की पतली लेयर होती है जहां ह्यक्लाउड सीडिंगह्न के बावजूद इतनी बारिश नहीं हो सकती कि बाढ़ आ जाए। क्लाउड सीडिंग से एक बार में ही बारिश हो सकती है। इससे कई दिनों तक रुक–रुक नहीं होती जैसा कि वहां हो रहा है। माउ के मुताबिक अमीरात और ओमान जैसे देशों में तेज बारिश की वजह क्लाइमेट चेंज है। जो ह्यक्लाउड सीडिंग का इल्जाम लगा रहे हैं, वो ज्यादातर उस मानसिकता के हैं, जो मानते ही नहीं कि ह्यक्लाइमेट चेंजह्न जैसी भी कोई चीज होती है।

क्लाउड सीडिंग तकनीक हमेशा से बहस का विषय रही है। दशकों के शोध से स्थैतिक और गतिशील बीजारोपण तकनीकें सामने आई हैं। ये तकनीकें 1990 के दशक के अंत तक प्रभावशीलता के संकेत दिखाती हैं परंतु कुछ संशयवादी लोग सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरण के लिए संभावित खतरों पर जोर देते हुए क्लाउड सीडिंग के खतरों के खिलाफ शोर मचाते रहे हैं। चूंकि सरकारें और निजी कंपनियां जोखिमों के बदले लाभ को ज्यादा महत्त्व देती हैं, इसलिए क्लाउड सीडिंग विवाद का विषय बना हुआ है जबकि कुछ देशों में इसे कृषि और पर्यावरणीय उद्देश्यों के लिए अपनाया जाता है। अन्य संभावित परिणामों से अवगत होकर भी ऐसे देश इस पर सावधानी से आगे बढ़ते हैं।इतिहास की बात करें तो क्लाउड सीडिंग का आयाम वियतनाम युद्ध के दौरान ऑपरेशन पोपेय जैसी घटनाओं से मेल खाता है। उस समय मौसम में संशोधन एक सैन्य उपकरण था। विस्तारित मानसून के मौसम और परिणामी बाढ़ के कारण 1977 में एक अंतरराष्ट्रीय संधि हुई जिसमें मौसम संशोधन के सैन्य उपयोग पर रोक लगा दी गई। रूसी संघ और थाईलैंड जैसे देश हीट वेव और जंगल की आग को दबाने के लिए इसका सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं, जबकि अमेरिका, चीन और ऑस्ट्रेलिया सूखे को कम करने के लिए वर्षा के दौरान पानी के अधिकतम उपयोग के लिए इसकी क्षमता का उपयोग कर रहे हैं।संयुक्त अरब अमीरात में इस तकनीक का उपयोग कृषि क्षमताओं का विस्तार करने और अत्यधिक गर्मी से लड़ने के लिए सक्रिय रूप से किया जाता है। एक शोध के अनुसार पता चला है कि कुछ विदेशी कंपनियां इसे सक्रिय रूप से नियोजित करती हैं विशेषकर ओला–प्रवण क्षेत्रों में जहां बीमा कंपनियां संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए परियोजनाओं को वित्त–पोषित करती हैं।

क्लाउड सीडिंग के प्रयोग विभिन्न आयामों में फैले हुए हैं। सूखे को कम करने के लिए वष्रा पैदा करना। कृषि क्षेत्र में ओला वृष्टि का प्रबंधन करना। स्की रिसॉर्ट क्षेत्र में भारी बर्फबारी करवा कर इसका लाभ उठाना। जल विद्युत कंपनियों द्वारा इसका उपयोग कर वसंत अपवाह को बढ़ावा देना। ऐसा करने से कोहरे को साफ करने में भी मदद मिलती है, जिससे हवाईअड्डों पर विजिबिलिटी बढ़ती है। आर्थिक लाभ के लिए सरकारें और उद्योगपति कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर राष्ट्र की चिंता

राष्ट्रपति को राष्ट्रीय विवेक का प्रतिनिधि समझा जाता है। इसलिए दलगत सोच से उठ कर इस पद का सम्मान किया जाता है। मगर भारत में सियासी और वैचारिक ध्रुवीकरण इतना तीखा हो चुका है, अब राष्ट्रपति को भी दलगत संदर्भों में देखा जाने लगा है।राष्ट्रपति ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर राष्ट्र की चिंता जताई है। द्रौपदी मुर्मू की इस बात से पूरा देश सहमत होगा कि देश में महिलाओं को कमजोर मानने की मानसिकता बनी हुई है। मुर्मू ने कहा– 'जो लोग ऐसी सोच रखते हैं, वे इससे भी आगे जाकर महिला को वस्तु मानने लगते हैं।' उनके इस आह्वान में भी सारा देश अपना स्वर मिलाएगा कि 'बेटियों की स्वतंत्रता की राह से रुकावटों को हटाना हमारी जिम्मेदारी है।' इसके बावजूद राष्ट्रपति के वक्तव्य पर जनमत के एक बड़े हिस्से में तीखी प्रतिक्रिया देखी गई, तो उसकी वजह है कि महामहिम ने अपनी इस व्यापक चिंता को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की बहुचर्चित घटना से जोड़ दिया। मूर्मू ने कहा– 'इस घटना से राष्ट्र आक्रोश में है और मैं भी हूं।' अब चूंकि राष्ट्रपति ने अपनी चिंता को प्राथमिक रूप से कोलकाता की घटना से जोड़ा, तो लोगों का ध्यान सहज ही इस ओर चला गया कि उन्होंने वक्तव्य उसी रोज जारी किया, जिस दिन भारतीय जनता पार्टी ने इस वारदात को लेकर पश्चिम बंगाल बंद की अपील की हुई थी।

इसी का परिणाम हुआ कि विपक्षी दलों ने और सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों ने यह सवाल उठा दिया कि क्या राष्ट्रपति तक मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और उनसे यौन हिंसा करने, उत्तर प्रदेश में हुई महिला अत्याचार की वीभत्स घटनाओं, महाराष्ट्र के बदलापुर की वारदात आदि की खबर नहीं पहुंची थी? राष्ट्रपति ने अपने वक्तव्य को 'महिला सुरक्षाः अब हद हो गई है' शीर्षक दिया है। तो यह सवाल भी उठा है कि ये हद आखिर कब हुई– कोलकाता में ही ऐसा हुआ या राष्ट्रपति लगातार हो रही ऐसी सभी घटनाओं से आहत हैं? राष्ट्रपति को राष्ट्रीय विवेक का प्रतिनिधि समझा जाता है। इसलिए दलगत सोच से उठ कर इस पद पर बैठे व्यक्ति का सम्मान किया जाता है। मगर भारत में सियासी और वैचारिक ध्रुवीकरण इतना तीखा हो चुका है, अब राष्ट्रपति को दलगत संदर्भों में देखा जाने लगा है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुर्मू ने ऐसी धारणाओं को तोड़ने में कोई योगदान नहीं किया है।

गठबंधन की एकजुटता भाजपा की नींद उड़ाई

हरिशंकर व्यास

भाजपा की रणनीति में एक खास बात यह है कि वह इस बार अपने दम पर वोट लेकर चुनाव जीतने की बजाय विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के वोट बंटवाने की राजनीति पर ज्यादा ध्यान दे रही है। हर जगह नई पार्टियां खड़ी हो गई हैं। हालांकि भाजपा के नेता कह सकते हैं कि उनका इन पार्टियों से कोई लेना देना नहीं है। लेकिन असल में कहीं न कहीं इन पार्टियों के पीछे भाजपा की ताकत दिख रही है। असल में लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन की एकजुटता का जैसा लाभ कांग्रेस और अन्य पार्टियों को मिला है उसने भाजपा की नींद उड़ाई है। आखिर साथ लड़ कर कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन 204 सीट जीत गया। उसमें ममता बनर्जी के 29 सीट जुड़ते हैं तो विपक्ष 233 सांसदों वाला हो जाता है।भाजपा को पता है कि उसके वोट में इजाफा नहीं होना है। इसलिए विपक्ष का वोट बंटे तभी उसकी जीत की आस बनती है। तभी सभी राज्यों में नए नेता या नई पार्टियां उभारी जा रही हैं या ऐसे गठबंधन बनवाए जा रहे हैं, जिनसे विपक्ष के वोट कटें। मिसाल के तौर पर हरियाणा में दोनों जाट राजनीतिक करने वाली पार्टियां यानी इंडियन नेशनल लोकदल और जननायक जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में दलित राजनीति करने वाली दो पार्टियों से तालमेल कर लिया है। हरियाणा की दोनों प्रादेशिक पार्टियां भाजपा की सहयोगी रही हैं। इनेलो ने बसपा से और जजपा ने चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी से तालमेल किया है। ध्यान रहे हरियाणा में 21 फीसदी के करीब दलित आबादी है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उदयभान और कुमारी शैलजा की वजह से कांग्रेस का जाट और दलित समीकरण बना है। लेकिन इनेलो और जजपा के गठबंधन से इसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास हो रहा है।इसी तरह जम्मू कश्मीर में गुलाम नबी आजाद आगे किए गए थे। परंतु उनको वास्तविकता समझ में आ गई है तो वे खराब सेहत के आधार पर पीछे हट गए हैं और कह दिया कि पार्टी के दूसरे नेता नेतृत्व करें। फिर भी सज्जाद लोन की जम्मू कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस और अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी से भाजपा को कुछ उम्मीद है। जेल में बंद इंजीनियर राशिद की आवामी इत्तेहाद पार्टी भी घाटी में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का वोट काट सकती है। उधर झारखंड में जयराम महतो एक नए खिलाड़ी उभरे हैं, जिन्होंने लोकसभा चुनाव में अच्छी खासी संख्या में महतो वोट काट लिया था। इस बार उनके चुनाव लड़ने की खबर है। इससे महतो वोट कई हिस्सों में बंटने की उम्मीद भाजपा कर रही है, जो आमतौर पर जेएमएम और आजसू के साथ जाता है।

चुनाव बहिष्कार की राजनीति इतिहास बनी

भारत के मुकुट कश्मीर के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र में आस्था की कहानी बयां कर रहा है। अपने बेहतर भविष्य की उम्मीदों को लेकर घरों से निकले मतदाताओं ने पिछले 28 वषो के मतदान का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस बार तीन फीसद मतदान हुआ जबकि 2019 में 14.43 और 2014 में 25.86 फीसद मतदान हुआ था। 1996 में 40.94 फीसद मतदान हुआ था और यह वह समय था जब आतंकवादियों और अलगाववादियों ने चुनाव के बहिष्कार की अपील की थी, लेकिन सेना की मदद से लोग मतदान केंद्रों पर आने में समर्थ हुए थे। लेकिन इस बार श्रीनगर के लोग बेखौफ होकर घरों से बाहर आए और मताधिकार का प्रयोग किया। जम्मू–कश्मीर में संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद यह पहला आम चुनाव है। दशकों से यहां लोग चुनाव बहिष्कार, आतंक और हिंसा के डर से घरों से बाहर नहीं निकला करते थे। लेकिन अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद चुनाव बहिष्कार की राजनीति इतिहास बन गई है। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र का दायरा पांच जिलों और 18 विधानसभा क्षेत्रों तक फैला है। हैरानी की बात यह है कि पुलवामा और शोपियां जैसे आतंकवादियों के गढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों में पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार मतदान अधिक हुआ। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के गंदरबल, बडगाम, पुलवामा, शोपियां और त्राल जैसे इलाकों में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है जो एक नया ट्रेंड दर्शाता है। इसका साफ संकेत है कि कश्मीर घाटी के लोग अनुच्छेद 370 निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के समर्थन में हैं। यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि प्रतिकूल मौसम होने के बावजूद पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की कतार लगी हुई थी। इससे यह भी साफ होता है कि यहां के लोगों ने विरोध के पक्ष में नहीं, बल्कि उम्मीद के पक्ष में वोट किया है।

विदामुयार्ची से रेजिना कैसेंड्रा का पहला लुक जारी, अजित–तृषा की फिल्म में निभाएंगी यह किरदार!

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म विदामुयार्ची अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। निर्माता पहले ही फिल्म से अभिनेता का पहला पोस्टर जारी कर चुके हैं, जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया था। इसके बाद उन्होंने अभिनेता अर्जुन सरजा और तृषा के किरदार की झलक पेश की थी।

वहीं, अब निर्माताओं ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म से एक और कलाकार का पोस्टर जारी किया है। यह पोस्टर है अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा का, जिसमें उनके किरदार की झलक दिखाई गई है। अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा साउथ सुपरस्टार अजित की फिल्म में मुख्य

भूमिका निभा रही हैं। वहीं आज निर्माताओं ने अभिनेत्री का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है, जिसके बाद से प्रशंसक भी खुश हैं। हाल ही में, विदामुयार्ची के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से रेजिना कैसंड्रा का पहला पोस्टर साझा किया। अभिनेत्री एक खास अंदाज में दिख रही हैं, जिसमें वे एक क्रॉप्ड शर्ट, बैगी डेनिम ट्राउजर, ब्लैक जैकेट और बीन कैप पहने हुए नजर आईं। पोस्टर में वे सडक़ पर चलती हुई दिखाई दे रही हैं। वहीं अजित कुमार और तृषा की झलक भी बैकग्राउंड में दिखाई दे रही है और उनके चेहरे पर गंभीर भाव है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, विदामुयार्ची से अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा का लुक पेश किया जा रहा है। बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती। इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रोडक्शन बैनर के एक्स अकाउंट पोस्ट को डांसिंग इमोजी के साथ फिर से साझा किया।

900 गोल की उपलब्धि पर पहुंचे करिश्माई स्ट्राइकर रोनाल्डो

लिस्बन, करिश्माई स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने क्लब और देश के लिए अपने करियर का 900वां गोल किया, यह उपलब्धि पहले कभी नहीं हुई। छह बार के बैलन डीओर विजेता ने यूईएफए नेशंस लीग ग्रुप मैच में क्रोएशिया पर 2–1 की जीत के दौरान पुर्तगाल का दूसरा गोल किया। जबरदस्त उपलब्धि के बाद, रोनाल्डो ने कहा कि वह रिकॉर्ड नहीं तोड़ते बल्कि वे उन्हें परेशान करते हैं। रोनाल्डो ने मैच के बाद साक्षात्कार में कहा, 900 गोल किसी भी अन्य मील के पत्थर की तरह लगते हैं, लेकिन केवल मैं ही जानता हूं कि अपना 900वां गोल करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। यह मेरे करियर में एक अनोखा मील का पत्थर है। मैं रिकॉर्ड नहीं तोड़ता, वे मुझे परेशान करते हैं! रोनाल्डो का गोल उस रात अंतर पैदा करने वाला साबित हुआ और पुर्तगाल को नेशंस लीग ग्रुप ए अभियान में विजयी शुरुआत करने में मदद मिली। 2016 यूरो विजेताओं के लिए यह उनका 131वां गोल था।

बांग्लादेश पर चलता है टीम इंडिया का राज, आंकड़े देख खुश हो जाएंगे इंडियन फैंस

नईदिल्ली, भारत को 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करनी है. बांग्लादेश की टीम हाल ही में पाकिस्तान को उसके घर पर क्लीन स्वीप करके आ रही है. ऐसे में उनका कॉन्फिडेंस काफी हाई होगा और वह उसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी. लेकिन,हम भारत–बांग्लादेश के बीच ऐसे रिकॉर्ड के बारे में बताने वाले हैं, जिसे देखकर भारतीय फैंस खुशी से झूम उठेंगे.

भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक 8 टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी हैं, जिसमें भारतीय टीम ने 7 बार जीत दर्ज की है और एक सीरीज ड्रॉ पर खत्म हुई थी. लेकिन, आज तक टीम इंडिया को टेस्ट में बांग्लादेश से हार नहीं मिली है.

2015 में जब भारत ने बांग्लादेश का दौरा किया था और एकमात्र टेस्ट खेला था, तब वो मैच ड्रॉ रहा था. इसके बाद पिछले 9 सालों में इंडिया हर बार बांग्लादेश को धूल चटा रही है और इस बार भी इंडियन टीम के जीतने के चांसेस अधिक दिख रहे हैं. हेड टू हेड की बात करें, तो दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 13 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें 11 मैच भारत ने जीते हैं और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं. वैसे बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को भी पहली बार टेस्ट सीरीज में मात दी. पाक के लिए ये हार काफी शर्मनाक रही, क्योंकि उन्हें घरेलू दर्शकों के सामने दोनों ही टेस्ट मैचों में निराशा हाथ लगी. आपको बता दें, भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 19 सितंबर से होगी. पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा.

चार बीवियों के चक्कर में फिर फंसेंगे कपिल शर्मा

कपिल शर्मा की फिल्म किस किसको प्यार करूंह्नआज से करीब नौ साल पहले 2015 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में कपिल शर्मा की कॉमेडी और उनकी एक्टिंग को खूब प्यार मिला था. फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था और यह कपिल शर्मा के करियर की पहली फिल्म थी.

इस फिल्म में एक हीरो और उसके साथ चार महिलाओं की लव स्टोरी को दिखाया गया था. इस फिल्म के जरिए डेविड धवन की फिल्मों को श्रद्धांजलि दी गई थी. अब खबर आ रही है कि इस फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है.

रिपोर्ट की मानें तो कपिल शर्मा की कॉमेडी फिल्म किस किसको प्यार करूं का दूसरा पार्ट आने जा रहा है. पोस्ट के जरिए पता चला है कि इस फिल्म में भी कपिल शर्मा और उनकी चारों पत्नियों की दिलचस्प कॉमेडी होने वाली है. हालांकि कहानी क्या होगी और फिल्म कब रिलीज होगी इस बात की तो अभी घोषणा नहीं हुई है. लेकिन अगर इस रिपोर्ट की माने तो यह तो तय है कि इस फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है.

बता दें कि किस किसको प्यार करूं 2 के जरिए निर्माता रतन जैन और अब्बास मस्तान फिर से साथ आने वाले हैं. अनुकल्प गोस्वामी के डायरेक्शन में बनी इस सीक्वल में कपिल शर्मा फिर से अपनी कॉमेडी के जरिए सभी को हंसाते हुए नजर आने वाले हैं. खबर तो यह भी है कि इस फिल्म की फिल्मिंग इस साल के लास्ट तक शुरू हो जाएगी. इस फिल्म में अब्बास मस्तान अपनी क्रिएटिविटी के जरिए जान डालेंगे. वहीं कपिल शर्मा इस कॉमिक स्पेस में एंट्री के बाद काफी खुश हैं और उनको इसकी स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है. फिल्म की कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है.

खबर है कि पहले पार्ट की तरह दूसरे पार्ट में भी कपिल शर्मा के साथ कई सारी एक्ट्रेस नजर आने वाली हैं. जब कास्टिंग पूरी हो जाएगी तो इस साल के लास्ट तक ह्यकिस किसको प्यार करूं 2 की शूटिंग शुरू हो जाएगी और अगले साल तक यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो सकती है. हालांकि अभी तक मेकर्स की ओर से किस किसको प्यार करूं 2 को लेकर किसी भी तरह का कोई अपडेट सामने नहीं आया है.

फिल्म देवरा का नया गाना दाउदी जारी

जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 की रिलीज के दिन नजदीक आ रहे हैं. जूनियर एनटीआर के फैंस को फिल्म क देवरा पार्ट 1 का इंतजार बेसब्री से हो रहा है. अभी फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज नहीं हुआ है. फिल्म से अभी जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की बस झलक देखने को ही मिली है. वहीं, फिल्म का एक गाना धीरे–धीरे रिलीज हुआ है, जिसे यूट्यूब पर 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं. अब फिल्म का एक और गाना दावूदी रिलीज हो गया है. देवरा के मेकर्स ने एलान किया था कि 4 सितंबर को फिल्म का गाना दाउदी रिलीज होने जा रहा है.

नवोदित अहमदाबाद एसजी पाइपर्स सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन दबंग दिल्ली से भिड़ेंगे

चेन्नई, नवोदित अहमदाबाद एसजी पाइपर्स 2024 सीजन् के दूसरे सेमीफाइनल में 2018 चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी से शुक्रवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में भिड़ेंगे और अपने पहले अल्टीमेट टेबल टेनिस (यू

एक नजर

अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे श्रमिक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्रम विभाग की ओर से सिडकुल क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने भी श्रमिकों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कहा कि सरकार श्रमिकों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है।

आयोजित शिविर में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि श्रम कानूनों का बेहतर ज्ञान श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने में अत्यंत महापूर्ण है। इस तरह के जन जागरण शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को उनकी कानूनी स्थिति और अधिकारों के बारे में जानकारी मिलती है। विधानसभा अध्यक्ष ने सिडकुल क्षेत्र में श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए श्रम विभाग के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सिडकुल के विकास और श्रमिकों की स्थिति में सुधार लाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि यह शिविर श्रमिकों के लिए एक सशक्तिकरण का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने श्रमिकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सोहन सैनी, दीपक कुमार, मीनाक्षी भट्ट, डा. अमित सक्सेना, अनुज ऋषि, शैलेंद्र सिंह रावत, सुनील गुप्ता, विवेक आदि मौजूद रहे।

कोविड काल का भुगतान नहीं होने पर रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों की बैठक में एंबुलेंस संचालकों ने कोविड काल का भुगतान न किए जाने पर आक्रोश जताया। शासन-प्रशासन से शीघ्र ही एंबुलेंसों का भुगतान करने की मांग की है।एंबुलेंस संचालक अनिल देवरानी ने कहा कि वर्ष 2022 में कोविड के दौरान जिलाधिकारी व एआरटीओ के माध्यम से कोविड से पीड़ितों के टीकाकरण को लेकर पांच एंबुलेंस लगवाई गई थी, जिनका भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई गई। जिलाधिकारी को भी पत्र भेजा गया। लेकिन भुगतान के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई। कहा कि एंबुलेंसों का भुगतान न होने से वे बैंक के ऋण की किस्त भी नहीं भर पा रहे है। उन्होंने शासन-प्रशासन से एंबुलेंसों का शीघ्र ही भुगतान करवाए जाने की मांग की है। इस मौके पर बलवंत सिंह, जितेंद्र, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र, विनय गुसांई, मनोज शामिल रहे।

भूमि को आवासीय भूमि में बदलने का विरोध

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मालिनी किसान पंचायत ने कृषि भूमि का स्वरूप आवासीय भूमि में बदले जाने का घोर विरोध किया।मालिनी किसान पंचायत के अध्यक्ष जेपी बहुखंडी के नेतृत्व में काश्तकारों ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से मुलाकात की। कहा कि वर्तमान में कोटद्वार में अभी भी सैकड़ों की संख्या में किसान अपनी खेतीबाड़ी पर निर्भर है, किसान अभी भी अपने खेतों में फसलों को उगाते है। किसान पशुपालन व बागवानी भी कर रहे है। जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी कीमत पर कृषि भूमि को आवासीय भूमि में ना बदले जाने की मांग की है। शिष्टमंडल में मधुसूदन नेगी, नवीन मेहरा, कुबेर जलाल शामिल रहे।

पौड़ी में शिक्षकों ने धरना देकर किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मंडल मुख्यालय पौड़ी में शुक्रवार को प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार कर मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय में धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। शिक्षकों के कार्य बहिष्कार से स्कूलों में पठन-पाठन भी प्रभावित रहा। धरने में जिले के सभी 15 ब्लाकों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। शिक्षकों ने मुख्य शिक्षाधिकारी के माध्यम से शिक्षामंत्री को भी ज्ञापन भेजा। धरने में जिला उपाध्यक्ष मनोज काला, संगठन मंत्री राजेश भट्ट, कंचन लिंगवाल, महिला उपाध्यक्ष रीना रावत, ब्लाक अध्यक्ष संग्राम सिंह नेगी, भरत सिंह बुटोला, जयकृत भंडारी, अब्बल सिंह पुंडीर, रतन सिंह रावत, राकेश भारती, नरेंद्र नेगी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

विद्युत सब स्टेशन के विरोध में ग्रामीण और खेल प्रेमी मुखर

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम राणीहाट के जगत विहार खेल मैदान में रेल विकास निर्माण निगम (आरवीएनएल) द्वारा बनाएं जा रहे विद्युत सब स्टेशन के विरोध में ग्रामीण और खेल प्रेमी मुखर हो गए हैं। खेल मैदान को यथावत रखे जाने की मांग को लेकर पूर्व ग्राम प्रधान मनोज कुमार जोशी ने देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि जगत विहार में बच्चों के लिए एकमात्र खेल मैदान है। जिसमें समय-समय पर तमाम खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां होती रहती हैं।

उफान पर बह रही नदियां, जिंदगी दांव पर लगा रहे युवा

कोटद्वार क्षेत्र में खोह नदी में नहाने पहुंचे युवा व बच्चे

बरसात के दौरान खोह नदी में बेखौफ नहाते हुए नजर आ रहे कई युवा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : युवाओं ने अपनी जिंदगी कितनी सस्ती समझ ली। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पहाड़ों में लगातार हो रही वर्षा के बाद उफान पर बनी नदियों में युवा बेखौफ होकर गोता लगा रहे हैं। जबकि, पूर्व में खोह नदी में डूबने से कई बच्चे व युवा असमय काल का ग्रास भी बन चुके हैं।

वहीं, नगर निगम व प्रशासन भी लगातार लोगों को नदी के तट पर न जाने की चेतावनी दे रहा है। पहाड़ों से होते ही मैदान में आ रही नदियां कब विकराल हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। कई बार मैदान में धूप खिली रहती है और क्षेत्र की खोह, मालन, सुखरो, कोल्हू नदी उफान पर बहने लगती है। आए दिन वर्षाकाल में इस तरह की स्थिति देखने को मिली है। बावजूद क्षेत्र के कुछ युवा अपनी जिंदगी दांव पर लगाकर इन नदियों में नहाने के लिए पहुंच रहे हैं। गाड़ीघाट, काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में खोह नदी में युवा व बच्चे आसानी से नदी के बीच गोते लगाते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं।

अब तक हुई घटनाएं

कुछ वर्ष पूर्व काशीरामपुर तल्ला में खोह नदी में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई थी। गत वर्षाकाल में लालपुल के समीप दोस्तों के साथ नहाने पहुंचे उत्तर प्रदेश नजीबाबाद निवासी एक युवक की नदी में बहने से मौत हो गई थी। इसी वर्ष अप्रैल से जून माह के मध्य सिद्धबली के समीप खोह नदी में नहाने के दौरान तीन युवकों की मौत हो गई थी। बावजूद इसके कई लोग अपने जीवन को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। जबकि, प्रशासन भी लगातार लोगों को नदी के किनारे नहीं जाने की चेतावनी दी रहा है।

लोन बंद करवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : होम क्रेडिट फाइनेंस लोन को बंद करवाने के नाम पर व्यक्ति से लाखों की ठगी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कोटद्वार निवासी व्यक्ति की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी।

बीती नौ अप्रैल को कोटद्वार निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि आनलाइन होम क्रेडिट फाइनेंस लोन को बंद करवाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने उनसे चार लाख रुपये की ठगी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में बिहार राज्य के अंतर्गत जिला नालंदा के थाना लेहरी के ग्राम मथुरिया निवासी विश्वजीत कुमार, ग्राम पुलपर निवासी अभिषेक कुमार व थाना लोहरी के अंतर्गत गांधी मैदान निवासी देवराज को गिरफ्तार कर दिया। उनके पास तीन मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड, मेमोरी कार्ड व कार्ड रीडर सहित कई अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

पुलिस हिरासत में ठगी के आरोपी

जनपद को नशा मुक्त करने के लिए समुचित कार्यवाही करें : डीएम

मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के संचालित होने पर होगी कठोर कार्यवाही

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में एन0डी0 पी0एस0(नार्कोटिक्स ड्रग्स एण्ड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) की जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की वर्चुअल बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी नें पुलिस, शिक्षा, वन विभाग, आबकारी, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों से नशामुक्ति के संबंध में कृत कार्यवाही का विवरण प्राप्त करते हुए जनपद को नशामुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे मेडिकल स्टोर जिन्होंने अभी तक अपने यहां सीसीटीवी कैमरे अपलोड नहीं किये तथा जो बिना लाइसेंस के संचालित होते पाये जाते हैं उन पर अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि धुमाकोट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बाडाडाण्डा में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और स्थानीय ग्राम चौकीदारों की मदद से लगभग 20 नाली में उगी भांग की खेती को नष्ट किया गया। पुलिस विभाग द्वारा वर्तमान तक कोटपा के तहत कुल 300 से अधिक चालान काटे गये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी शैक्षणिक संस्थानों में नशमुक्ति संबंधित जागरूकता कार्याशाला समय-समय पर आयोजित करें। डीएम ने सिडकुल कोटद्वार में स्थाई तौर पर नशामुक्ति केन्द्र के सफल संचालन के संदर्भ में समाज कल्याण और उपजिलाधिकारी कोटद्वार को निर्देशित किया। वर्चुअल बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक लोकेश्वर सिंह सहित उपजिलाधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी जुडे थे।

गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिले में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। अगरोड़ा क्षेत्र के लोग गुलदार के आतंक से परेशान हैं। आलम यह है कि शाम होते ही लोग घरों में कैद होने को मजबूर है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीण एवं कांग्रेस के प्रदेश सचिव दीपक असवाल ने शुक्रवार को एडीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने एडीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि अगरोड़ा, डांग, भंवनियु आदि क्षेत्रों में इन दिनों गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। शाम होते हुए कई बार गुलदार दिखने से ग्रामीण दहशत में हैं। कहा कि गुलदार ने बीते दिनों में दो मवेशियों को भी निवाला बना दिया है। कहा कि हर समय अनहोनी घटना होने का खतरा बना हुआ है।

जयानंद भारतीय के योगदान को किया याद

शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पौड़ी क्रांति के महानायक कर्मवीर जयानंद भारती की 92वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान उत्तराखंड शिक्षा प्राथमिक निदेशक रघुनाथ लाल आर्य को शैल शिल्पी कर्मवीर जयानंद भारतीय स्मृति सम्मान दिया गया।

नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि जयानंद भारती का योगदान उत्तराखंड व समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा है। समाज सुधारक के लिए दिया गया उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि जयानंद भारतीय के द्वारा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु किए गए कार्यों पर डोली पालकी आंदोलन प्रमुख था।

कार्यक्रम में प्रो. वीसी शाह, एडवोकेट प्रमोद कुमार डा. अरुण कुकशाल, वीरेंद्र लाल आर्य, महेशानंद, सुरेश निराला, कल्पेश्वरी, सत्यप्रकाश भारतीय, नरेंद्र भारतीय आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष से तहसील परिसर में उद्यान पार्क में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा. अंबेडकर की मूति स्थापित करवाने की मांग उठाई। साथ ही शहर में जयानंद भारतीय मार्ग के सम्मुख वाले चौराहे का नाम कर्मवीर जयानंद भारतीय के नाम पर रखने की भी मांग की। साथ ही शासन से मांग उठाई की जयानंद भारतीय के योगदान को पाठ्यक्रमों में भी पढ़ाया जाएं। साथ ही जयानंद भारतीय भारतीय स्मृति पुस्तकालय के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन शैल शिल्पी विकास संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने किया।

विस अध्यक्ष को मांग पत्र सौंपते सदस्य

रोटरी क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

रोटरी क्लब की ओर से सम्मानित किए गए शिक्षक

जयन्त प्रतिनिधि:कोटद्वार : रोटरी क्लब की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले छः शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस पर देश शाम क्लब की ओर से नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी सामुदायिक केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सौनी ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेरुड़ा के प्रधानाध्यापक राजीव थपलियाल, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्या बीना मित्तल, राजकीय डिग्री कालेज कण्वघाटी के प्रोफेसर डा. अनुराग शर्मा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय काण्डाखाल (जहरीखाल) के जगदीश राठी, राजकीय इण्टर कालेज धोबीघाट के सहायक अध्यापक सौरभ मिश्रा व बीना रावत को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक का बेहतर समाज निर्माण में सबसे बड़ा योगदान होता है। क्लब के अध्यक्ष गुरुबचन सिंह ने कहा कि क्लब की ओर से प्रतिवर्ष शिक्षकों को सम्मनित किया जाता है। इस मौके पर क्लब के सचिव डीपी सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन गोयल, कुलदीप अग्रवाल, प्रतिभा गुप्ता, उपसचिव विजय कुमार माहेश्वरी, अनीत चावला, अनिल भोला, अनुराग अग्रवाल, अवधेश कुमार अग्रवाल, विपिन बक्शी, गोपाल बंसल, विजय कुमार माहेश्वरी, शरत चन्द्र गुप्ता, मनीष अग्रवाल, संदेश अग्रवाल, बीना रावत, अमित अग्रवाल, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, दिनेश रस्तोगी, संजीव अग्रवाल, ऋषि ऐरन, धीरजधर बछवाण आदि मौजूद रहे।

लियाखाल स्कूल में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : पब्लिक इंटर कालेज लियाखाल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीपक रावत, पूर्व प्रबंधक सुरेन्द्र रावत, मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रभुशरण बुडाकोटी, ग्राम प्रधान सिलेत राजपाल रावत ने संयुक्त रूप से द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर सुनीता रावत, शालिनी रावत, आरती देवरानी, सुमन कली भारती, मंजू नेगी, पूजा नेगी, रूचि, प्रकृति, नकुल रावत, बिपिन गुंसाई, डॉ. शैलेद्र गिरी, जयदीप बिष्ट, बलबीर रावत, पूरण सिंह, पृथ्वी पाल, सुमन ढौंडियाल, बलवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन अरमान नेगी, आदित्य, जिया, शिवानी ने संयुक्त रूप से किया।

9 सितंबर को प्रधान करेगें पंचायती राज मंत्री का घेराव

श्रीनगर गढ़वाल : प्रधान संगठन कीर्तिनगर की मासिक बैठक शुक्रवार को ब्लॉक सभागार कीर्तिनगर में संपन्न हुई। बैठक में प्रधानों का अन्य राज्यों में भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने पर प्रतिनिधियों ने इसका विरोध किया है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि एक राज्य एक पंचायत चुनाव को लेकर चल रहें आंदोलन को तोड़ने के लिए सरकार अन्य राज्यों के भ्रमण कार्यक्रम का पत्र जारी किया गया है। जिसका त्रिस्तरीय पंचायत संगठन घोर विरोध करता है। उन्होंने शासन के इस आदेश पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त करने कि मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रधानों का ध्यान भटकाने और आंदोलन की नींव कमजोर करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कहा कि यदि सरकार जल्द से त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के एक सूत्रियां मांग पर कार्यवाही नहीं की तो जनप्रतिनिधि 9 सितम्बर को देहरादून में पंचायती राज मंत्री सत्पाल महाराज का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में ग्राम प्रधान मैखण्डी मिनाक्षी पुण्डीर, नौर प्रधान प्रीति गोदियाल, प्रधान कण्डोली रश्मि बडोनी, प्रधान धारकोट राजीव जोशी, प्रधान जखंड शिवानी डोभाल, प्रधान सिरवाड़ी धन सिंह रावत सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य करें : डीएम

बैठक से नदारद रहने पर उरेडा अधिकारी वेतन पर रोक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला कार्यालय सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उरेड़ा अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में लक्ष्य के सापेक्ष कार्य कार्य पूर्ण नहीं करने पर जिलाधिकारी ने उद्योगों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों की बैंक अधिकारियों से अनुपालन आख्या की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों व बैंक अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत वार्षिक लक्ष्य 900 के सापेक्ष 493 आवेदन स्वीकृत हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग व बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित आवेदनों का निस्तारण करें, जिससे आवेदकों को उसका लाभ समय पर मिल सकेगा। वहीं एनआरएलएम 2024-25 का लक्ष्य 3700 बैंकों को दिया गया है, जिसमें से अब तक बैंकों के द्वारा 2198 आवेदन ऑनलाइन किए गए हैं व 1130 आवेदन स्वीकृत, जबकि 177 आवेदन निरस्त व 891 आवेदन लंबित हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का निस्तारण करने को कहा। पर्यटन विभाग द्वारा होमस्टे का निर्धारित लक्ष्य 20 के सापेक्ष 04 आवेदन स्वीकृत किये हैं। जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सीडी रैशियो की प्रगति पर संबंधित बैंक अधिकारियों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त बैंक अधिकारियों को किसानों को केसीसी की प्रगति तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त बैंकर्स व विभागीय अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। वहीं जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेठी) निदेशक को निर्देशित किया अंत्योदय कार्ड धारकों को बेहतर प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। जिससे वह रोजगार से जुड़ सकेंगे। बैठक में पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र बिष्ट, लीड बैंक अधिकारी प्रताप सिंह, डीडीएम नावार्ड हिमांक शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश कुमार यादव, आरसेटी निदेशक मीनाक्षी शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला पर्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित थे।

ज्वैलरी शॉप और फाइनेंस कंपनी के ऑफिसों का डाटा अपडेट रखें : एसएसपी

एसएसपी ने ली मासिक अपराध समीक्षा बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर संह ने थाना प्रभारियों को ज्वेलरी शॉप और फाइनेंस कंपनी के ऑफिसों का डाटा थाने में अपडेट करने व उनमें लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरे, अलार्म को प्रतिदिन चेक करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को हर फरियादी की शिकायत सुनते हुए उसका निराकरण करने को कहा। एसएसपी ने पशुओं को बाजारों, सड़कों में आवारा छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान 33 पुलिस जवानों को बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

पुलिस लाइन में शुक्रवार को मासिक अपराध समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एसएसपी ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने, आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए थाना क्षेत्रों में छात्रों, श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जाकर महिला मंगल दल के सदस्यों से समंवय स्थापित कर महिला सुरक्षा एवं नशा मुक्ति के संबंध में बैठक आयोजित करने को कहा। एसएसपी ने जनपद में आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलिप्त सक्रिय अपराधियों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध गुण्डा एवं गैगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करने के साथ-साथ आवश्यकता अनुसार उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु निर्देशित किया। बैठक में एएसपी जया बलूनी, संचार अनूप काला, सीओ सदर पौड़ी अनुज कुमार, कोटद्वार विभव सैनी आदि शामिल रहे।

उत्तर रेलवे

शुद्धि–पत्र

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे, मुरादाबाद ने भारत के राष्ट्रपति की ओर से दिनांक– 15.08.2024 को प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से मुरादाबाद मंडल के नौ हाल्ट स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेंटों की नियुक्ति के लिए दिनांक– 17.09.2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गये थे। अधिसूचनाएं हिंदी और अंग्रेजी समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थीं। जैसे कि दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिंदुस्तान आदि जिसमें गलती से "पुरवाखेड़ा" हाल्ट स्टेशन का नाम लिख दिया गया। **कृपया ध्यान दें कि टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति के लिए "पुरवाखेड़ा" हॉल्ट स्टेशन उपलब्ध नहीं है।** इसके अलावा अन्य 08 हॉल्ट स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति के लिए उपलब्ध अधिसूचना यथावत रहेगी। टिकट बुकिंग एजेंट से संबंधित अन्य सभी जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

पत्र सं.: 20/हाल्ट/ठेका/आवंटन/मुरादाबाद/मण्डल/2023.सी 2793/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई–बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 25.09.2024 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2792/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

ग्रामीणों को दी आंखों की सही देखभाल की जानकारी

रुद्रप्रयाग : रामकृष्ण मिशन विवेकानंद नेत्रालय देहरादून की ओर से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से कोटमा गांव में निवारणीय अंधतामुक्त मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों को आंखों की सही देखभाल की जानकारी दी गई। ऊखीमठ ब्लॉक के कोटमा में कार्यक्रम हुआ। चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल सजवाण ने रामकृष्ण मिशन विवेकानंद नेत्रालय के स्वास्थ्य सेवा कार्यों की जानकारी दी गई। प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गुप्तकाशी डॉ. पीएस जगवान ने 2013 की केदार आपदा से निरंतर मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान प्रधान कोटमा आशा सती, डॉ. तुलसीदास महाराज, प्रेम सिंह नेगी, पुष्पा देवी, लक्ष्मण सत्कारी, संदीप भट्ट, महेश सती, उर्मिला, अरुण, डॉ. अनामिका, हनुमंत, तेज, अनूप, सुमंत, कुलदीप, अरुण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

कृमि दिवस पर हर बच्चे को दी जायेगी अल्बेंडाजोल

नई टिहरी : सीडीओ डा. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर लें कि कोई भी बच्चा और किशोर एल्बेंडाजोल की दवा खाने से न छूटे। सीडीओ डा. श्याम विजय ने बताया कि 10 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। बताया कि जो बच्चे किसी कारण वश दवा खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें आगामी 18 और 19 सितंबर को दवा दी जाएगी। बैठक में एसीएमओ डॉ. एलडी सेमवाल, डीईओ बैसिक वीके ढौंडियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

क्विज में रेशिका ने मारी बाजी

नई टिहरी : राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ में गृह विज्ञान विभाग्याध्यक्ष डा. संगीता सिदोला के संयोजन में छात्रों के लिए कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। डा. संगीता सिदोला ने छात्रों को शरीर में पौष्टिक भोजन के लाभ बताया। साथ ही छात्रों को घर का बना भोजन किन मायनो में बाजार के भोजन से बेहतर है यह भी बताया। मौके पर छात्रों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बीए तृतीय सेमेस्टर की रेशिका ने प्रथम स्थान, बीए सेमस्टर प्रथम की राधिका ने द्वितीय व बीए प्रथम सेमेस्टर की सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डा. संदीप कश्यप, डा. नीलम, डा. रवि चंद्रा, सलोनी, किरण, इशिका आदि मौजूद रहे।

सक्रिय सदस्य बनने लिए सौ सदस्य बनाने जरूरी : मैखुरी

चमोली : भाजपा का मंडलों में भी सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को आयोजित बैठक में कर्णप्रयाग नगर व ग्रामीण मंडल की संयुक्त मोर्चा बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सौ सदस्य बनाने हैं। विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सदस्य बनाने जरूरी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान में जुटने की बात कही। सदस्यता अभियान कर्णप्रयाग विधानसभा संयोजक अरुण मैठाणी ने कार्यकर्ताओं को मोदी एप के माध्यम से सदस्यता अभियान के टिप्स दिए।

गोवर्धन प्रसाद कैलखुरा, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य समीर मिश्रा, भुवन नौटियाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष महावीर रावत, दमयंती रतूड़ी एवं मंडल अध्यक्ष विक्रम मिंगवाल ने विचार व्यक्त किए। बैठक में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष कांता देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष महिपाल सोनियाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजकीय शिक्षक संघ ने शासन-प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

नई टिहरी : प्रधानाचार्य सीमित विभागीय सीधी भर्ती परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर राजकीय शिक्षक संघ ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिले भर से आए शिक्षकों ने शुक्रवार को मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय नरेंद्रनगर में प्रदर्शन कर विरोध जताया। आंदोलनकारी शिक्षकों का कहना है कि विभाग के साथ कई दौर की वार्ता के बाद भी कोई सकारात्मक निर्णय नहीं निकला है। जिस कारण संघ आंदोलन को बाध्य है। संघ ने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई न होने पर निदेशालय देहरादून में क्रमिक अनशन व उसके बाद आमरण अनशन की चेतावनी दी है।

जनपद में 79470 बच्चे खाएंगे कृमि नाशक दवा

10 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, 18 व 19 सितंबर को होगा मॉप अप डे

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आगामी 10 सितंबर को होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों हेतु जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक में 1-19 वर्ष आयु वर्ग के 79470 बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 सितंबर के सफल आयोजन हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, उच्च शिक्षा, तकनीकि शिक्षा विभाग व निजी विद्यालयों की भूमिकाओं को लेकर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी द्वारा कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य सहित सभी संबंधित विभागों में आपसी समन्वय को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। साथ ही एनडीडी गतिविधि की प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने व संबंधित विभाग द्वारा एनडीडी विषयक निर्देशित भूमिका का शत प्रतिशत निर्वहन सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष ने कहा कि कृमि बच्चों के शरीर में महत्वपूर्ण पोषक तत्वों को खा लेते है, जिससे बच्चों के शरीर में खून की कमी, कुपोषण और उनकी वृद्धि और विकास में रूकावट आ जाती है। नतीजतन बच्चों की सेहत, शिक्षा और कार्यक्षमता पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता हैं। बताया कि कृमिनाशक दवा खाने से रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि होती है, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होने के साथ-साथ एनीमिया में नियंत्रण आदि फायदे होते हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग के साथ-साथ निजी स्कूलों के प्रबंधक/संचालक, महाविद्यालय व तकनीकी शिक्षण संस्थानों में लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाकर उक्त अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए बताया कि व कृमि मुक्ति दिवस पर किसी कारण कृमिनाशक दवा खाने से छूटे लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को 18 व 19 सितंबर को होने वाले एनडीडी मॉप अप डे पर कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल गोली की खुराक व सेवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1-2 आयु के बच्चों को आधी गोली दो चम्मच के बीच रखकर पूरी तरह चुरा कर पीने के पानी में मिलाकर पिलाएं, 2-3 वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली को दो चम्मच के बीच रखकर पूरी तरह से चूरा कर पीने के पानी में मिलाकर पिलाएं तथा 3-19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पूरी गोली चबाकर खाने की सलाह के साथ खिलाएं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 10 सितंबर को जनपद में 965 समस्त शिक्षण संस्थानों एवं 692 आंगनबाड़ी केंद्र में 01 से 19 आयु वर्ग के 79470 बच्चों को कृमिनाशक दवा ''एडवेंडाजॉल'' की दवा खिलाई जाएगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अजय कुमार चैधरी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जखोली डॉ. खुशपाल शाह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु नौडियाल, कार्यक्रम समन्वयक एनडीडी विपिन सेमवाल, एविडेंस एक्शन के क्षेत्रीय समन्वयक शोभित रावत, सीडीपीओ शैली प्रजापति, असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीकांत नौटियाल, एनवाईके से विजय वशिष्ठ, डॉ. दीपाली नौटियाल, डॉ. आकाश दरमोड़ा, प्रधानाचार्य अनूप मैमोरियल पब्लिक स्कूल देवेंद्र सिंह, जगदीश प्रसाद, सुमन, हेमलता, कविता, आदि मौजूद रहे।

टिहरी जिले में शिक्षकों की कमी होगी दूर, मिले 133 शिक्षक

नई टिहरी : जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में चली आ रही शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर हो गई है। जिले को 133 शिक्षक मिल गए हैं। इससे उम्मीद है कि लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे प्राथमिक स्कूलों में पठन-पाठन कार्य पटरी पर आ सकेगा। शिक्षकों की नियुक्ति में प्रतापनगर, भिलंगना और जाखणीधार ब्लॉक के दूरस्थ स्कूलों को प्राथमिकता दी गई है। इन ब्लॉकों में कई स्कूल शिक्षक विहीन बने हुए थे। शिक्षा विभाग ने जिले रिक्त 315 पदों के लिए शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। जिनके चयन के लिए 10 अगस्त को पहली काउंसलिंग की गई थी। जिसमें 315 अभ्यर्थी को बुलाया था। लेकिन काउंसिलिंग केवल 41 अभ्यर्थी आए थे। विभाग ने इन 41 लोगों को नियुक्ति आदेश जारी कर 10 दिन में ज्वॉइन करने को कहा था। बावजूद केवल 29 शिक्षकों ने ही चयनित प्राथमिक स्कूल में ज्वॉइन किया। इसके बाद विभाग ने रिक्त सीटों के सापेक्ष करीब 600 लोगों को दूसरी काउंसलिंग 18 अगस्त को की थी। जिसमें केवल 156 अभ्यर्थी ही काउंसिलिंग में पहुंचे। जिनमें से 104 अभ्यर्थी का चयन प्राथमिक शिक्षक के लिए किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल ने बताया कि चयन शिक्षकों को नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। बताया कि चयनित शिक्षकों को 10 दिन के अंदर संबंधित स्कूल में ज्वॉइन के निर्देश दिए।

बताया कि चयनित शिक्षकों के ज्वॉइन करने के बाद शिक्षकों की समस्या कुछ कम होगी। चयनित स्कूलों में जाखणीधार ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल मंदार,चांठी मंदार, सिल्ला, सेमंडीधार,स्यूरी, पुजार गांव, देवताधार, सारपुल, खोला नवीन, खोला, तुनियार, प्रतापनगर के ल्वार्खा, मिश्रवाणगांव, मंज्यूड,मोलगा, घोल्डाणी,बैथाण, कोरदी, भिलंगना के ज्यूदाणा, लैणी, सरकंडा ,क्यारीसेरा,चंगोरा समेत जिलेभर के दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती की गई।

भाजपा सदस्यता अभियान की शुरूवात हुई

चमोली : जोशीमठ नगर पालिका सभागार में शुक्रवार को भाजपा के जिला संयोजक कृष्णमणी थपलियाल ने नेतृत्व में ग्रामीण, नगर और विविध मोर्चों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। कार्यक्रम में बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर सिंह पंवार ने कहा कि पूरे प्रदेश में केन्द्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व की अगुवाई में इस बार 20 लाख से अधिक लोगों को बीजेपी की सदस्यता दिलाई जाएगी। जिला संयोजक कृष्णमणी थपलियाल ने कहा कि जल्द नगर पालिका और पंचायत चुनाव होने वाले हैं इसलिए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है ऐसे में सीमान्त जनपद चमोली की सभी पालिकाओं के साथ क्षेत्र प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य भी भाजपा के सदस्य बनते हैं तो इससे पहाड़ी क्षेत्र में विकास की नई बयार बहेगी। कार्यकर्ता सदस्य बनाने के साथ ही ग्रामीणों की समस्या को भी सुने। थपलियाल ने कहा कि भारत चीन सीमा पर बसे इस अंतिम विधानसभा बदरीनाथ से लगभग 35 हजार भाजपा सदस्य बनाए जाएगे, जिसमें 25 प्रतिशत नए लोगों को जोड़ा जाएगा। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संदीप नौटियाल ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर पूरे विकासखंड जोशीमठ में उत्साह है। दावा किया कि पहले ही दिन बारह सौ लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ली है। बैठक में लक्ष्मण फरकिया, रोहणी रावत, शैलेन्द्र पंवार, विजया रावत, नितेश चौहान, अमित सती, गुड्डू लाल, विजय कपरवांण, सुचिता चौहान, मुकेश डिमरी, प्रदीप भट्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

गजेंद्र और दीपक के गीतों पर जमकर थिरके छात्र

चमोली : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ छात्रसंघ समारोह का समापन हो गया है। समारोह के मुख्य अतिथि बदरीनाथ के विधायक लखपत बुटोला ने कहा कि छात्र छात्राओं को निरंतर उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। इसी से उनके जीवन में उन्नति के द्वार खुलेंगे। उन्होंने महाविद्यालय में बालिका शौचालय बनाने, सैनिटरी पैड मशीन लगाने एवं प्रवेश द्वार बनाने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के प्रतिनिधि के रूप में सतेंद्र असवाल ने महाविद्यालय में पुस्तकों के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। प्राचार्य प्रो. कुलदीप नेगी ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की विकास यात्रा का विवरण सबके सामने रखा। छात्रसंघ प्रभारी डॉ जगमोहन नेगी ने समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते हुए आभार व्यक्त किया। समारोह के द्वितीय सत्र में उत्तराखंड के लोक गायक गजेंद्र राणा एवं दीपक भरतवाण ने अपने गीतों से छात्र छात्राओं को नाचने पर मजबूर किया। उन्होंने अपने गीत, पुष्पा छोरी पौड़ीखाल की..., छकना बांद, बबली तेरो मोबाइल, लीला घस्यारी आदि गानों से देर शाम तक शमा बांधे रखा।

मुख्य विकास अधिकारी ने किया ग्रोथ सेंटरों का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने जनपद में संचालित ग्रोथ सेंटर एवं महिला स्वयं सहायता समूहों की समीक्षा शुरू कर दी है। सीडीओ डॉ. जीएस खाती ग्रोथ सेंटर एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित अन्य रोजगार केंद्रों का निरीक्षण कर उनके कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही आजीविका सुधार एवं आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं।

सीडीओ डॉ. जीएस खाती ने सुमाड़ी स्थित डेयरी विभाग की इकाई, हिलांस कैफे एवं नवकिरण बेकरी गिवाणी, उद्यान विभाग की नर्सरी और गडगू स्थित मत्स्य फार्म का निरीक्षण एवं समीक्षा की। सुमाड़ी स्थित डेयरी विभाग की इकाई में उन्होंने दुग्ध एवं अन्य उत्पादों की बिक्री के स्टॉक रजिस्टर जांचे। इसके साथ ही यहां लगाई गई मशीनें, उत्पाद, स्टाफ की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय के परिपेक्ष में केवल दूध एकत्रित करके बेचना या दुग्ध के पारंपरिक उत्पाद बेचना ही काफी नहीं। सीडीओ ने डेयरी विभाग के अधिकारियों को ग्रोथ सेंटर की क्षमता बढ़ाने एवं आधुनिक उत्पादों की स्टडी कर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बनवाने के निर्देश दिए। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उद्यान स्थापित करने को अनुदान एवं सब्सिडी दी जा रही है। इन योजनाओं का लाभ ग्रोथ सेंटरों को लेना चाहिए, जिससे महिलाओं की आजीविका में सुधार भी हो। उधर हिलाँस कैफे के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैफे संचालित कर रही महिला स्वयं सहायता समूह से कैफे के मेन्यू एवं उनकी आय की जानकारी ली। कहा कि स्थानीय खाद पदार्थों एवं उत्पादों को भी मेन्यू में शामिल किया जाए, ताकि यात्रा पर आ रहे लोगों को शुद्ध पहाड़ी खाना उपलब्ध हो सके। वहीं नवकिरण बेकरी में बन रहे उत्पादों की जानकारी लेते हुए मंडवे के बिस्कुट सहित अन्य उत्पादों का उत्पादन एवं विपणन करने को कहा। ऊखीमठ स्थित राजकीय नर्सरी एवं जैबरी बासा होम स्टे का निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने नर्सरी में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने उद्यान अधिकारी को नर्सरी में बरसात के दौरान पैदा हुई घास को काटने एवं नर्सरी का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जैबरी बासा होम स्टे संचालित कर रहे महिला स्वयं सहायता समूह से भी बातचीत कर होम स्टे की सेल बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने एवं मेन्यू में पहाड़ी खाना अनिवार्य रूप से शामिल करने को कहा।

स्थानान्तरण पर सीडीओ को दी भावभीनी विदाई

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जनपद चमोली के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह का स्थानान्तरण देहरादून जनपद में मुख्य विकास अधिकारी पद पर होने के फलस्वरूप शुक्रवार को विकास भवन में तमाम जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

आईएएस अधिकारी अभिनव शाह ने जनपद चमोली में दिनांक 29 नवंबर 2023 से 06 सितंबर 2024 तक मुख्य विकास अधिकारी के रूप में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दी। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, परियोजना निदेशक आनंद सिंह एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने उनके सौम्य और सरल कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने जिला स्तरीय अधिकारियों से मिले सहयोग और आम जनता के प्यार को सराहा और सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनपद में सभी ने टीम भावना के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि नौकरी में मेरी पहली पोस्टिंग जनपद चमोली में हुई थी। जनपद चमोली उनकी स्मृतियों में हमेशा बना रहेगा। विदाई समारोह का संचालन खंड विकास अधिकारी मोहन जोशी द्वारा किया गया।

सीईओ कार्यालय में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग : प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती सहित अन्य कई मांगों को लेकर जनपद के समस्त माध्यमिक शिक्षकों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों का हुजूम उमड़ पड़ा। शिक्षकों ने कहा कि सरकार ने यदि उनके साथ न्याय नहीं किया तो विशाल आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार सुबह मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राशिसं के जिलाध्यक्ष नरेश भट्ट के नेतृत्व में प्रांतीय शिक्षक संघ के निर्देशों पर जनपद के समस्त हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट स्कूलों के शिक्षकों ने एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया। आक्रोशित शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि शिक्षकों के हकों को उनसे छीना जा रहा है। वर्षों से सेवाएं देने के बाद उन्हें जो पदोन्नति मिलनी है, सरकार उनका रास्ता रोक रही है। यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आयुर्वेदिक शिविर में कराई जांच

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : पोषण अभियान पोषण माह अंतर्गत शुक्रवार को आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे चिकित्सक सौरभ त्रिपाठी द्वारा 3 बालिका 4 बालक 9 गर्भवती 2 धात्री माताओं स्वास्थ्य जांच की गई। साथ उपस्थित 70 आम जनमानस को स्वास्थ्य सबंधित जानकारी के साथ दवाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही पवन आर्य ब्लॉक समन्वयक द्वारा विभागीय योजनाओं यथा नंदा गौरा योजना, प्रधानमत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. सौरभ त्रिपाठी, सुपरवाइजर पुष्पा खत्री, ब्लॉक समन्वयक पवन, भीम सिंह अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, एवम समस्त आगनवाड़ी कार्यकर्ती आदि मौजूद रहे।

हिमालय बचाओ भाषण प्रतियोगिता में सरस्वती अव्वल

देहरादून। राजपुर रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को हिमालय बचाओ अभियान के तहत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता हुई। 'हिमालय की चुनौतियां विषय हुई प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जीजीआईसी की सरस्वती ने पहला, दून इंटरनेशनल स्कूल डालनवाला के आदर्श राज चौहान ने दूसरा और द एशियन स्कूल वसंत विहार के हिमेश शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता सुबह 11 बजे शुरू हुई। प्रतिभागियों ने अपने भाषण के जरिए हिमालय के महत्व, चुनौतियां और उनसे निपटने के लिए कई सुझाव दिए। कहा कि हिमालय कोई साधारण पर्वत नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन का आधार है।

ठेका कर्मचारियों के समर्थन में आए स्थाई कर्मचारी

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन उत्तराखंड ने मुख्यालय में आंदोलनरत ठेका कर्मचारियों को समर्थन देते हुए मैनेजमेंट से मांगों के निस्तारण की मांग की।

सीजीएम नीलिमा गर्ग को सौंपे ज्ञापन में संगठन पदाधिकारियों ने समान काम का समान वेतन उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री श्याम सिंह नेगी ने सीजीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि योजनाओं में तैनात ठेका कर्मचारियों को न समय पर वेतन मिल रहा है। वेतन का पूरा भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पीटीसी कर्मचारियों को सितंबर 2021 से मार्च 2022 तक बढ़े हुए वेतन के एरियर का समेत भुगतान किया जाए। श्रम मानकों के अनुसार वेतन का भुगतान किया जाए। कहा कि विभागीय ढांचे में फील्ड कर्मचारियों के पदों को बढ़ाया जाए। विभिन्न शाखाओ के कर्मचारियों के लंबित वाहन भते की स्वीकृति प्रदान की जाए। सेवानिवृत कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ग्रेच्युटी, पेंशन का जल्द भुगतान किया जाए। हाईकोर्ट के 11 जून 2024 को पारित आदेशों के अनुपालन में 1996 से संहत वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को सेवा लाभ प्रदान किया जाए।

यात्रा की सफलता को जिलों को सौंपी जिम्मेदारी

देहरादून। कांग्रेस की श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा का द्वितीय चरण 12 सितंबर को सेवादल कार्यकर्ताओं की ओर से ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ होगा। यात्रा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस भवन में आयोजित एक बैठक में जिलों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

इस दौरान पदाधिकारियों से बातचीत की गई और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को दिशानिर्देश जारी किए गए। यात्रा के पहले चरण की शुरूआत 24 जुलाई को हरकी पैडी हरिद्वार से की गई थी।

डीएम ने लाइन लगकर पर्चा बना परखी अस्पताल की व्यवस्थाएं

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल आज प्रातः 09:30 बजे निजी वाहन से जिला चिकित्सालय कोरोनेशन पंहुचकर आम नागरिक की तरह लाईन पर लगते हुए अपना ओपीडी पर्ची बनाया तथा ओपीडी व्यवस्था को परखा। इसी तरह निरीक्षण करते हुए उन्होंने चिकित्सालय में आमजनमानस के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी जुटाई। जैसे ही चिकित्सालय परिवार को जिलाधिकारी के अस्पताल में होने की भनक लगी तो आनन–फानन में सभी सम्बन्धित अधिकारी 10:00 बजे के करीब चिकित्सालय में पंहुचे। सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने मानक के अनुरूप चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था बनाये रखने तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल में आने वाली मरीजों एवं तीमारदरों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस बात को गंभीरता से लेना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय को निर्देश दिए कि चिकित्सालय में दवाई के कांउटर बढाए जाए एवं ओपीडी में चिकिक्सकों के डिस्पले साईनेज इत्यादि व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि चिकित्सालय में सुविधा बढाई जाए तथा इसके लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने चिकित्सालय में स्वच्छ पेयजल तथा शौचालय आदि में सफाई व्यवस्था बढाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं, सुविधाओं का एक–एक कर निरीक्षण किया तथा वाडी में भर्ती रोगियों के हॉल–चाल पूछा तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निक्कू, सामान्य वार्ड, ओ.टी, डेगू वार्ड, आईसीयू, इमरजेंसी, का निरीक्षण किया तथा वार्ड में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से वार्ता करते हुए उनका हॉलचाल जाना।

उत्तराखंड के मूल निवासियों की शिकायतों के लिए बनेगा प्रवासी बोर्ड

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तराखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विदेश सम्पर्क–स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देहरादून में विदेश सम्पर्क–स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि इस पहल से राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों व हितधारकों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रवासियों के हित में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिलेगी। इस प्रयास से विभिन्न देशों में रहने वाले उत्तराखण्ड के प्रवासियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान में भी सहायता मिलेगी। सीएस रतूड़ी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड के प्रवासियों की सुविधा के लिए उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ बनाया गया है। मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर विदेशों में रह रहे उत्तराखण्ड के मूल निवासियों की शिकायतों के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए एक प्रवासी बोर्ड गठित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के सन्दर्भ में विदेशों में शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रक्रियाओं, प्लेसमेंट एजेंसियों के सेंसटाइजेशन, सुरक्षित व कानूनी माइग्रेशन, वैवाहिक विवाद, मृतकों के पार्थिव अवशेषों की वापसी की प्रक्रियाओं की जानकारी, प्रवासियों के सम्बन्ध में डेटा शेयरिंग का विशेष महत्व है। हमारे लिए अन्य राज्यों द्वारा अपने प्रवासियों की सुविधा और कल्याण के लिए अपनाये जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेज की जानकारी भी जरूरी है। विद्यार्थियों तथा काम करने वालों के

पंजीकरण की प्रक्रियाओं की जानकारी होनी भी आवश्यक है। हमारे समक्ष साइबर क्राइम भी एक बड़ी चुनौती है। कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय से सचिव (सीपीवी एण्ड ओआईए) अरुण कुमार चटर्जी ने कहा कि विदेश सम्पर्क प्रोग्राम विदेश मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को गहरा करना तथा उनसे संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए राज्य सरकारों के साथ साझेदारी करना है। वर्ष 2017 से अब तक पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश और कर्नाटक की राज्य सरकारों के साथ आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

संयुक्त सचिव (डीई) विदेश मंत्रालय अंकन बनर्जी ने प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ जुड़ाव, विदेश में भारतीय महिलाओं से संबन्धित मुद्दे, भारतीय छात्रों से संबन्धित मुद्दे, एनआरआई/पीआईओ के अधिकार व कानूनी मुद्दे, राज्यों में एनआरआई संस्थान, प्रवासी भारतीयों के लिए विदेश मंत्रालय की योजनाओं तथा डेटा का संग्रह जैसे विषयों पर चर्चा की। सयुंक्त सचिव (सीपीवी) विदेश मंत्रालय, बिनॉय जॉर्ज ने विदेश में मरने वाले भारतीय नागरिकों के पार्थिव अवशेषों के परिवहन, काउंसलर शिकायत निवारण पोर्टल, उत्तराखण्ड में राज्य स्तर पर काउंसलर एक्सेस की प्रक्रिया, राष्ट्रीयता सत्यापन, विदेशियों तक काउंसलर एक्सेस व सजायाफता व्यक्तियों का स्थानांतरण जैसे विषयों पर चर्चा की। अनु सचिव (ईडी) विदेश मंत्रालय रशेल गर्ग ने व्यापार व निवेश के अवसरों व चुनौतियों के सम्बन्ध में चर्चा की। शुक्रवार को देहरादून में आयोजित विदेश सम्पर्क–स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विदेश मंत्रालय ने उत्तराखण्ड सरकार के हितधारकों और अधिकारियों को वाणिज्य दूतावास और पासपोर्ट सेवाओं के लिए मंत्रालय द्वारा प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने तथा उनके कल्या